दिन–सोमवार दिनांक– 08 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। कुमार अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए नाम वापसी के बाद किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों से पचास प्रत्याशी चुनाव मैदान में।

02. भाकपा माले ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। रोजगार, पोषण और स्वास्थ्य समेत बाईस बिन्दुओं को किया गया है शामिल।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब नौ अप्रैल की जगह दस अप्रैल को बिहार आयेंगे। औरंगाबाद में चुनावी सभा को करेंगे सम्बोधित।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, किशनगंज, भागलपुर, जमुई, मुंगेर और खगड़िया समेत बारह जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

समाचार विस्तार से.........

————————————————————————

छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए नाम वापसी की समय सीमा आज समाप्त हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पचपन में से पाँच उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए। भागलपुर से तीन और किशनगंज तथा कटिहार से एक–एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया। दूसरे चरण के तहत पांच लोकसभा क्षेत्रों कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर, बांका और किशनगंज में अब पचास उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। भागलपुर और किशनगंज से बारह–बारह, बांका से दस, कटिहार से नौ और पूर्णियां से सात उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव आयोग ने सभी प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न का भी आवंटन कर दिया है।

————————————————————————

भाकपा माले ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आज पटना मे घोषणापत्र जारी किया। इस घोषणापत्र मे बाईस बिन्दु हैं, जिसमें रोजगार, पोषण और स्वास्थ्य जैसे विषय शामिल किए गए हैं।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब दस अप्रैल को बिहार आयेंगे। पहले उनका कल बिहार आने का कार्यक्रम था। श्री शाह औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। चुनाव घोषणा के बाद उनका यह बिहार का पहला दौरा होगा।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज गया में पार्टी प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण आज देशभर में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। श्री यादव ने कहा कि उनकी पार्टी जब राज्य में सत्ता में थी तब मात्र सत्रह महीने में पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी गयी। उन्होंने दावा किया कि इंडी गठबंधन को पहले चरण की सभी चार सीटों पर जीत मिलेगी। रैली को विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि उनके कार्यकाल के दौरान बिहार में विकास ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि वे खुद अपने कामों का प्रचार प्रसार नहीं करते हैं। राज्य की जनता उनके कामों का प्रचार करती है। उन्होंने कहा कि बिहार में उनकी सरकार आने के बाद सभी तरफ शांति है।

———बाईट———

इस बीच, राजद के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा है कि यदि पन्द्रह वर्ष पूर्व लालू प्रसाद नहीं होते तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनते। उन्होंने कहा कि अबकी बार चार सौ पार का नारा एनडीए का एक जुमला है।

———बाईट———

———————————————————————

खगड़िया जिले के अलौली विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व विधायक चंदन कुमार आज जदयू मे शामिल हो गए। पटना मे आयोजित मिलन समारोह मे जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई।

———————————————————————————————

और आईये अब सुनते हैं जमुई संसदीय क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य पर हमारे संवाददाता की विशेष रिपोर्ट–

———बाईट———

जमुई सुरक्षित संसदीय क्षेत्र एनडीए और इंडी गठबंधन दोनों के लिए चुनौती बनी हुई है। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत यह सीट लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास को मिली है। इस लोकसभा क्षेत्र से पिछले दो चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिराग पासवान को जीत मिली। लेकिन इस बार वे हाजीपुर संसदीय सीट से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पार्टी ने जमुई से अरूण भारती को उम्मीदवार बनाया है, जो चिराग पासवान के बहनोई हैं। इंडी गठबंधन की तरफ से राजद की अर्चना रविदास मुकाबले में हैं। दोनों के लिए यह पहला चुनावी अनुभव है। वहीं, इस सीट पर पांच अन्य प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों जमुई से ही बिहार में एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की थी। जमुई संसदीय सीट के भौगोलिक वितरण की बात करें, तो यह छह विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर बना है। इसमें तारापुर विधानसभा क्षेत्र मुंगेर जिले में है जबकि शेखपुरा और सिकंदरा शेखपुरा जिले में पड़ता है। जमुई, झाझा और चकाई जमुई जिले में आते हैं। इनमें दो सीटों तारापुर और झाझा पर जदयू जबकि सिकंदरा विधानसभा सीट पर हम और जमुई सीट पर भाजपा का कब्जा है। शेखुरा से राजद के एमएलए हैं। वहीं, चकाई सीट पर निर्दलीय सुमित कुमार सिंह विधायक हैं, जिन्होंने राज्य की एनडीए सरकार को अपना समर्थन दिया हुआ है। इधर, नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण जमुई में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर लगातार फ्लैग मार्च जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए जमुई से पंकज कुमार।

———————————————————————————————

चुनाव आयोग ने पिछले चौबीस घंटों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के ग्यारह मामले दर्ज किए हैं। साथ ही सत्रह लाख रूपये से अधिक बरामद किए गए। इसके अलावा भारी मात्रा में शराब और मादक पदार्थ भी बरामद किया गया।

———————————————————————————————

और अब पेश है–लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे वैशाली, हाजीपुर और उजियापुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

वैशाली जिले में हाजीपुर, उजियारपुर और वैशाली संसदीय क्षेत्र आते हैं। उजियारपुर में मतदान चौथे चरण में 13 मई को, हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण में 20 मई को और वैशाली में छठे चरण में 25 मई होगा। सभी संसदीय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जिला प्रशासन जुट गया है। जगह–जगह से पोस्टर–बैनर और होर्डिंग उतार दिये गये हैं। जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

———बाईट———

पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट———

एस पी ने बताया कि इस बार सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

———बाईट———

वैशाली जिले में मेरा पहला वोट देश के लिए और लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व थीम पर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट———

इधर, लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न दलों द्वारा भी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए हाजीपुर से मनोज कुमार सिंह।

———————————————————————

कांग्रेस ने पार्टी के घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी के बयान को लेकर निर्वाचन आयोग में शिकायत की है। नई दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद के नेतृत्व में आज एक शिष्टमंडल ने आयोग से मुलाकात की। श्री खुर्शीद ने बताया कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप वाले श्री मोदी के बयान पर पार्टी ने आपत्ति की है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से कहा है कि इस मामले को गंभीरता से लें और कार्रवाई करें।

———————————————————————

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद– एनसीईआरटी ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन मामले में चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था कॉपीराइट अनुमति के बिना एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

———बाईट———

एनसीईआरटी ने लोगों से ऐसी पाठ्यपुस्तकों या कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग न करने का आग्रह किया है और कहा है कि उनमें दी गई सामग्री तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है। यह भी सलाह दी गयी है कि यदि किसी व्यक्ति को ऐसी पायरेटेड पाठ्यपुस्तकें या कार्यपुस्तिकाएं मिलती हैं, तो एनसीईआरटी को ईमेल चक ख्कवज, दबमतजख्ंज, दपबख्कवज,पद के माध्यम से तुरंत पश्न भेजे जा सकते हैं। यह कार्यक्रम हमारी वेबसाइट न्यूज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट आईएन और हमारे यूट्यूब चौनल न्यूज ऑन एआईआर ऑफिसियल पर भी उपलब्ध रहेगा। समाचार कक्ष से अभिषेक कपिल।

———————————————————————

मौसम विभाग अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया जिले में एक दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान इन जिलों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के सुमन ने बताया कि अगले चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना है। उसके बाद चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान चालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————

बिहार एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में दिल्ली से कुख्यात अपराधी नागमणि महतो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसपर तीन लाख रूपये का ईनाम घोषित कर रखा था।

————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने बावन हजार पाँच सौ प्रतिबंधित लॉटरी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सत्ताईस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में शराब भी बरामद की गई है।

————————————————————————

शेखपुरा जिले के केवटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन जाँच के दौरान दो युवकों से एक लाख तिरानवें हजार रूपये बरामद किए। वहीं, इसी थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

जमुई जिले के चरका पत्थर थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की टीम ने अभियान चलाकर कुख्यात नक्सली ओमकार को गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————————

अंत में मुख्य समाचार............

01. छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए नाम वापसी के बाद किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों से पचास प्रत्याशी चुनाव मैदान में।

02. भाकपा माले ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। रोजगार, पोषण और स्वास्थ्य समेत बाईस बिन्दुओं को किया गया है शामिल।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब नौ अप्रैल की जगह दस अप्रैल को बिहार आयेंगे। औरंगाबाद में चुनावी सभा को करेंगे सम्बोधित।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, किशनगंज, भागलपुर, जमुई, मुंगेर और खगड़िया समेत बारह जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

———————————————————————————————

समाप्त हुआ।